कोटद्वार, गुरूवार
8 जनवरी 2026
वर्ष: 48
अंक: 229 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### आग लगने से तीन मकान राख, 14 मवेशी जिंदा जले

उत्तरकाशी। मोरी ब्लॉक के गुराड़ी गांव में बुधवार सुबह भीषण अग्निकांड में तीन आवासीय मकान जल गए। आग की चपेट में आने से 14 मवेशियों की भी जल गए हैं। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। बुधवार तड़के करीब सुबह पांच बजे गुराड़ी गांव में उस समय अफरा–तफरी मच गई जब ग्रामीण गहरी नींद में सो रहे थे। गांव में जाग रहे कुछ लोगों ने रामचंद्र के घर से अचानक आग की लपटें उठती देखीं। हल्ला मचाने पर अन्य ग्रामीण भी जाग गए लेकिन तब तक आग तेजी से फैलते हुए आसपास के अन्य मकानों को भी अपनी चपेट में ले चुकी थी। सूचना मिलते ही मोरी से राजस्व विभाग, फायर सर्विस, एसडीआरएफ, पुलिस एवं पशुपालन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत करते हुए करीब ढाई घंटे बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। अग्निकांड में रामचंद्र, भरतमणी, ममलेश के आवासीय मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए। एसडीएम मुकेश रमोला ने बताया कि मोरी के गुराड़ी गांव में बुधवार सुबह करीब पांच बजे आग लगने से तीन आवासीय भवन जल गए हैं। आग की चपेट में आने से भेड़–बकरी, गाय व बैल के भी जलने की सूचना है। राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन कर रही है। साथ ही पीड़ित परिवारों को राहत के तौर पर अहेतुक सहायता, अनाज, कंबल एवं तिरपाल आदि उपलब्ध कराए गए हैं।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा घायल

रुड़की। इस्माइलपुर निवासी 35 वर्षीय ग्रामीण की मंगलवार देर शाम दो बाइको की भिड़ंत में मौके पर ही मौत ही गई। जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुल्तानपुर चौकी क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव निवासी 35 वर्षीय सुधीर मंगलवार देर शाम अपनी बाइक से पास के ही गांव कंकरखाता में किसी काम से गया था। वापस लौटते समय भक्तनपुर गांव के पास सामने से आ रही एक दूसरी बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। इसके चलते युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर तक सड़क के किनारे पड़े रहने के बाद किसी ने उसे देखकर भक्तपुर गांव में पहुंचकर लोगों को इसकी सूचना दी।

### केदारनाथ यात्रा तैयारियों को लेकर प्रस्तावित बैठक स्थगित

रुद्रप्रयाग। आगामी केदारनाथ धाम की यात्रा की तैयारियों को लेकर बृहस्पतिवार आठ जनवरी को होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई है। जिला प्रशासन ने अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए बैठक स्थगित कर दी। जिला कार्यालय सभागार में होने वाली बैठक में केदारनाथ यात्रा से जुड़े पंडा समाज, मंदिर समिति के पदाधिकारी, व्यापार मंडल के सदस्य, जिले में टैक्सी मैक्सी एसोसिएशन, घोड़ा खच्चर एसोसिएशन आदि लोगों को शामिल होना था। डीएम प्रतीक जैन के अनुसार बैठक की अगली तिथि एवं समय जल्द सूचित की जाएगी।

### हरिद्वार में ठंड का कहर जारी, चार दिनों का येलो अलर्ट

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार में सूखी ठंड का प्रकोप लगातार बना हुआ है। बुधवार को भी दिनभर भीषण ठंड से लोग परेशान रहे। दोपहर के समय धूप निकलने से कुछ देर के लिए राहत जरूर मिली, लेकिन सर्द हवाओं ने ठंड का अहसास बनाए रखा। कोहरा और बादलों के कारण धूप की चमक भी फीकी रही। मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान ठंडा दिन और घना कोहरा बने रहने की संभावना जताई गई है। आईआईटी रुड़की कृषि मौसम वेधशाला के अनुसार बुधवार को धर्मनगरी का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में आधा डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज होने से शाम, रात और सुबह के समय ठंड में इजाफा हुआ। सुबह और देर रात सर्द हवाओं के कारण लोगों की कंपकंपी छूटती रही। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 11 जनवरी तक धर्मनगरी में ठंडा और दिन में घना कोहरा छाया रहेगा।

**भारतीय तटरक्षक बल को बड़ी उपलब्धि**

## देश में बना सबसे बड़ा पॉल्यूशन कंट्रोल शिप समुद्र प्रताप बेड़े में शामिल

नई दिल्ली , भारत की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करते हुए भारतीय तटरक्षक बल को एक बड़ी उपलब्धि मिली है। देश का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया प्रदूषण नियंत्रण पोत आईसीजीएस 'समुद्र प्रताप आधिकारिक रूप से भारतीय तटरक्षक बल में शामिल कर लिया गया। इस मौके को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के लिए खास और ऐतिहासिक बताया।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सझ् पर पोस्ट कर लिखा, इंडियन कोस्ट गार्ड शिप (आईसीजीएस) समुद्र प्रताप का कमीशन होना कई वजहों से खास है, जिसमें यह बात भी शामिल है कि यह आत्मनिर्भरता के हमारे विजन को मजबूती देता है, हमारे सुरक्षा सिस्टम को बढ़ावा देता है और सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। पीएम मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के 'एक्सझ् पोस्ट को शेयर करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए इस बात की जानकारी दी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कमीशनिंग समारोह में शामिल होकर इसे भारत की रक्षा औद्योगिक क्षमता की बड़ी सफलता बताया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स पर पोस्ट कर लिखा था, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा बनाए गए भारत के पहले स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए प्रदूषण नियंत्रण पोत, भारतीय तटरक्षक जहाज समुद्र प्रताप के कमीशनिंग समारोह में शामिल हुआ। आईसीजीएस समुद्र प्रताप भारत के परिपक्व रक्षा औद्योगिक इकोसिस्टम का प्रतीक है। यह आज की समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए जीएसएल के आधुनिक दृष्टिकोण



का नतीजा है। राजनाथ सिंह ने एक्स पोस्ट में आगे लिखा था, आईसीजी की बहुआयामी भूमिका ने हमारे दुश्मनों को एक साफ संदेश दिया है कि किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ और उचित जवाब दिया जाएगा। भारत एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति है, जो पूरे इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करता है। आईसीजीएस समुद्र प्रताप का शामिल होना इसी दिशा में भारत का एक और मजबूत कदम माना जा रहा है। समुद्र प्रताप के शामिल होने से प्रदूषण नियंत्रण, आग बुझाने, समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में इंडियन कोस्ट गार्ड की परिचालन क्षमता में काफी वृद्धि होगी। यह भारत के विशाल समुद्री क्षेत्रों में विस्तारित निगरानी और प्रतिक्रिया मिशन चलाने की इसकी क्षमता को भी मजबूत करेगा।

### चोरों के हौसले बुलंद, दो बंद घरों के ताले तोड़ नकदी और जेवरात चोरी

देहरादून। राजधानी में चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए दो अलग–अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की बड़ी वारदातों को अंजाम दिया है। पहली घटना लक्खीबाग चौकी क्षेत्र की है। जहां एक व्यापारी के घर से चोरों ने जेवरात और मंदिर का सामान साफ कर दिया। वहीं पटेलनगर क्षेत्र में एक महिला के घर से चोर नकदी समेत नल की 32 टोंटियां तक उखाड़ ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दावत पर गया था परिवार, पीछे से खंगाला घर लक्खीबाग चौकी क्षेत्र के चंदननगर तिराहा निवासी गोपाल अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती चार जनवरी की रात वह अपनी दोनों बेटियों के साथ बड़े भाई के घर रात्रि भोज पर गए थे। शाम को गए और रात करीब 11 बजे जब परिवार वापस लौटा, तो घर का नजारा देख दंग रह गया। चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे। कमरों में सारा सामान उथल–पुथल कर दिया था। चोरों ने घर में रखे कीमती जेवरात और मंदिर का सामान चोरी कर लिया। शहर कोतवाल प्रदीप पंत ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है। दिल्ली गई युवती के घर से 32 नल और नकदी चोरी: दूसरी वारदात कोतवाली पटेलनगर क्षेत्र की ठडक कॉलोनी (देहराखास) की है। प्रार्थिनी गरिमा महर ने बताया कि वह बीते 24 दिसंबर को दिल्ली अपनी बहन के पास गई थीं। पांच जनवरी की शाम जब वह वापस लौटीं तो देखा कि मुख्य दरवाजा खुला हुआ था और पूरे घर में पानी भरा था। जांच करने पर पता चला कि चोरों ने वॉशबेसिन, किचन और टॉयलेट में लगे 32 नल चोरी कर लिए थे।

## उत्तराखण्ड में माल्टा उत्पादन की अपार संभावनाएं : धामी



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को आईटीबीपी स्टेडियम सीमा द्वार, देहरादून में सेवा संकल्प (धारिणी) फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय माल्टा महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों से आए कृषकों से मुलाकात कर माल्टा और नींबू की खटाई का स्वाद लिया।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में माल्टा उत्पादन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में ठोस पहल करते हुए माल्टा मिशन शुरू करने की घोषणा की गई है, जिसके माध्यम से माल्टा के उत्पादन, विपणन और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस मिशन से पहाड़ी क्षेत्रों के कृषकों की आय में वृद्धि होगी और स्थानीय फलों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार माल्टा के साथ-साथ कीवी, सेब, आड़ू, पुलम, नींबू प्रजाति के फल एवं अन्य स्थानीय फलों के उत्पादन को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा माल्टा महोत्सव जैसे आयोजन, किसानों को सीधे उपभोक्ताओं और बाजार से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर आईजी आईटीबीपी संजय गुंज्याल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## कृषि अपशिष्ट को बनाया जा सकता है देश का उपयोगी संसाधन : नितिन गडकरी

नई दिल्ली ,केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि खेतों में बचने वाले कृषि अपशिष्ट को देश का एक उपयोगी राष्ट्रीय संसाधन बनाया जा सकता है। उन्होंने यह बात बुधवार को वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के टेक्नोलॉजी ट्रांसफर सेरेमनी में कही। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बायो–बिटुमेन बनाना विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। खेती से निकलने वाले कचरे का उपयोग करने से खेतों में पराली जलाने से होने वाला प्रदूषण कम होगा और पुनः उपयोग वाली अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यदि सड़कों में 15 प्रतिशत बायो–बिटुमेन मिलाया जाए, तो भारत को करीब 4,500 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत हो सकती है। इससे देश की आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता भी कम होगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज भारत





ने सड़क निर्माण के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की है। देश दुनिया का पहला देश बन गया है जिसने बायो–बिटुमेन का व्यावसायिक उत्पादन शुरू किया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों को बधाई दी और सहयोग के लिए राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह का धन्यवाद किया।

गडकरी ने कहा कि यह नई तकनीक किसानों को सशक्त बनाएगी, गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी।

उन्होंने बताया कि चावल की पराली से बने जैव बिटुमेन का सफल परीक्षण किया गया है, जो पेट्रोल से बने बिटुमेन से बेहतर साबित हुआ है। इससे पराली जलाने की समस्या भी कम होगी।

अब समय आ गया है कि कृषि अपशिष्ट, फसल अवशेष, बांस और जैव पदार्थों को हरित ईंधन और उपयोगी उत्पादों में बदला जाए।

पिछले साल एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि भारत को हर साल 22 लाख करोड़ रुपए का जीवाश्म ईंधन आयात करना पड़ता है। पराली जलाने और वाहनों से निकलने वाला धुआं प्रदूषण बढ़ा रहा है, इसलिए भारत को ऊर्जा आयातक से ऊर्जा निर्यातक देश बनना चाहिए।

इंडियन बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) द्वारा हाल ही में जारी एक बयान के अनुसार, किसानों द्वारा हर साल 73 लाख टन धान की पराली जलाई जाती है। अगर इसे संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) और बायोएथेनॉल में बदला जाए, तो देश को 1,600 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत हो सकती है और प्रदूषण भी कम होगा।

बयान में आगे कहा गया है कि इस नीति से देश में करीब 37,500 करोड़ रुपए का निवेश आने की उम्मीद है और 2028–29 तक 750 सीबीजी परियोजनाएं शुरू हो सकती हैं।

00

### दिल्ली हाईकोर्ट ने दुष्यंत गौतम को दी अंतरिम राहत, सोशल मीडिया पोस्ट 24 घंटे में हटाने का आदेश

नई दिल्ली ,दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम द्वारा दायर मानहानि याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने उन्हें अंतरिम राहत देते हुए साफ निर्देश दिए कि सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अपलोड किए गए पोस्ट और वीडियो तुरंत हटाए जाएं। दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप), कांग्रेस और अन्य प्रतिवादियों को सोशल मीडिया प्लेट–फॉर्म पर अपलोड किए गए पोस्ट और वीडियो को 24 घंटे के भीतर हटाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि अगर व्यक्तिगत प्रतिवादियों और राजनीतिक दलों द्वारा 24 घंटे के भीतर पोस्ट नही हटाए जाते हैं, तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को स्वतः ही सामग्री हटाने का निर्देश दिया जाएगा। कोर्ट ने प्रतिवादी और उनके एजेंटों को गौतम को इस मामले में कथित वीवीआईपी बताते हुए टारगेट करने वाले किसी भी पोस्ट को अपलोड करने या किसी भी सामग्री को पुनः पोस्ट करने से भी रोक दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 4 मई को तय की है। इस सुनवाई में यह देखा जाएगा कि प्रतिवादियों ने कोर्ट के आदेश का पालन किया या नहीं। गौरतलब है कि यह मामला उत्तराखंड की चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़ा है। सोशल मीडिया पर इस मामले में दुष्यंत गौतम का नाम गलत तरीके से उछाला गया था। अंकिता भंडारी हत्याकांड उत्तराखंड के सबसे चर्चित मामलों में से एक रहा है। सितंबर 2022 में 19 साल की अंकिता, जो एक होटल में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करती थी, की हत्या कर दी गई थी।

## राम रहीम के बाद अब अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम ने मांगी पैरोल



नई दिल्ली ,1993 मुंबई सीरियल बम धमाकों के मामले में दोषी और नासिक सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे कुख्यात अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम ने इमरजेंसी पैरोल की मांग की है। सलेम ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ स्थित अपने पैतृक गांव जाने की अनुमति मांगी है।

**भाई की मौत का दिया हवाला**

याचिका में सलेम ने बताया कि उनके बड़े भाई अबू हाकिम अंसारी का 14 नवंबर 2025 को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। सलेम के अनुसार, वह अपने भाई को पिता समान मानते थे और अब 40वें दिन की धार्मिक रस्में निभाने, कुरान ख्वानी कराने, कब्रिस्तान में दुआ पढ़ने और शोकाकुल परिवार से मिलने के लिए पैरोल चाहते हैं।

**पहले भी की थी अपील**

याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि भाई की तबीयत गंभीर होने पर सलेम ने जेल प्रशासन से नियमित पैरोल की प्रक्रिया तेज करने का अनुरोध किया था, ताकि वह उनके जीवित रहते मुलाकात कर सकें, लेकिन तब अनुमति नहीं मिल सकी।

**पैरोल को लेकर बढ़ी बहस**

गौरतलब है कि हाल ही में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम भी पैरोल पर जेल से बाहर आया है। वह रेप और हत्या के मामलों में सजा काट रहा है। इन मामलों के सामने आने के बाद एक बार फिर गंभीर अपराधों में दोषियों को दी जा रही पैरोल व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## सुरक्षा में लापरवाही : दिल्ली विधानसभा परिसर में घुसा संदिग्ध, पुलिस ने हिरासत में लिया

नई दिल्ली , राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से बड़ी खबर सामने आई है। दिल्ली विधानसभा परिसर में एक व्यक्ति ने घुसने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस ने शख्स को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान दिल्ली के ही बुद्ध विहार निवासी नवीन डबस के रूप में हुई। नवीन डबस दिल्ली सरकार के अंतर्गत गेस्ट फैकल्टी (टीजीटी इंग्लिश) के रूप में कार्यरत हैं। वह पिछले लगभग 12 वर्षों से शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार व्यक्ति ने सरकारी पहचान पत्र दिखाकर मुख्य प्रवेश द्वार से प्रवेश किया था। पूछताछ में उसने गेस्ट फैकल्टी शिक्षकों से जुड़ी नीतियों में सुधार की मांग बताई। उसके पास से अब तक कोई संदिग्ध या आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की



आपराधिक मंशा सामने नहीं आई। सुरक्षा की दृष्टि से संयुक्त पूछताछ की जा रही है। संदिग्ध ने पुलिस पूछताछ में दिल्ली के मंत्री के बुलावे पर आने का दावा किया है। हालांकि बाद में मंत्री से कोई जान पहचान न होने का खुलासा किया।

बता दें कि दिल्ली की आठवीं विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है, जो 8 जनवरी तक चलेगा। अगर आवश्यकता पड़ी तो सदन की सहमति से इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन प्रदूषण को लेकर भारी हंगामा देखने को मिला। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने सदन में दिल्ली प्रदूषण का मुद्दा उठाया, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष के आदेश पर मार्शलों ने 'आपझ् के सभी विधायकों को सदन से बाहर कर दिया। इस दौरान चार विधायकों को तीन दिन के लिए निलंबित भी कर दिया गया। इस कार्रवाई को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। 'आपझ् विधायक दल के चीफ व्हिप संजीव झा ने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि दिल्लीवासियों के लिए इस समय सबसे बड़ी समस्या प्रदूषण है।

### नीला ड्रम केस : सौरभ हत्याकांड पर बनी वेब सीरीज 9 जनवरी को ओटीटी पर होगी रिलीज

मेरठ मेरठ के ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के बहुचर्चित सौरभ हत्याकांड पर आधारित एक वेब सीरीज बनाई गई है, जो 9 जनवरी 2026 को रिलीज होने जा रही है। वेब सीरीज का नाम 'हनीमून से हत्याः ड्ढद्ब4 ड्ढशद्वद्गठ्ठ ञ्चद्बद्यद्यद्गझ् रखा गया है। वेब सीरीज का पोस्टर सामने आते ही सोशल मीडिया पर हलचल मच गई। पोस्टर में दिखाया गया नीला ड्रम एक बार फिर चर्चा में है, जिसने इस हत्याकांड को देशभर में सुर्खियों में ला दिया था।

**पोस्टर ने दिलाई खौफनाक यादें**

पोस्टर में नीले ड्रम से बाहर लटकता एक हाथ और उसके साथ नजर आता सीमेंट का मलबा, जो उस खौफनाक घटना की याद दिलाता है। इस दृश्य ने लोगों को फिर से उस दर्दनाक वारदात की ओर खींच लिया है।

**कैसे हुआ था सौरभ का मर्डर**

यह घटना 3 मार्च 2025 की रात की है, जब लंदन में नौकरी करने वाले सौरभ राजपूत की हत्या उसकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर कर दी। हत्या के बाद शव के टुकड़े कर उन्हें नीले ड्रम में भरकर ऊपर से सीमेंट डालकर सील कर दिया गया। दोनों आरोपी फिलहाल जेल में बंद हैं।

## दिल्ली तुर्कमान गेट पत्थरबाजी : पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर , 10 हिरासत में

नई दिल्ली , दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद तनाव की स्थिति है। इसी बीच, पत्थरबाजी की घटना को लेकर दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में करीब 10 लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बुधवार सुबह इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तुर्कमान गेट के पास फैज–ए–इलाही मस्जिद के पास के इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है, जहां देर रात एमसीडी ने अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। पत्थरबाजी की घटना के सिलसिले में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। अभी सीसीटीवी फुटेज और बॉडी कैमरा रिकॉर्डिंग की मदद से पत्थर फेंकने वालों की पहचान की जा रही है। डीसीपी निधिन वालसन ने मीडिया को बताया कि



कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत हुई थी। उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश दिखाए गए थे, जिसके बाद काफी संख्या में लोग लौट गए। लेकिन कुछ लोग वापस लौटकर आए और उन्होंने पथराव किया।

बुलडोजर एक्शन पर डिप्टी कमिश्नर विवेक अग्रवाल ने कहा कि डिमोलिशन का लगभग 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। एक छोटा सा स्ट्रक्चर बाकी है। इसे रात में भी गिराया जा सकता है, लेकिन बहुत सारा मलबा जमा हो गया है, जिससे हमारी मशीनें उस जगह तक नहीं पहुंच पा रही थीं। एक बार जब मलबा हटा दिया जाएगा, तो बचा हुआ स्ट्रक्चर भी हटा दिया जाएगा। वहीं, तुर्कमान गेट पर देर रात हुई बुलडोजर कार्रवाई पर एक स्थानीय दुकानदार ने कहा, मैं बहुत दिन से दरगाह फैज इलाही पर नारियल का काम कर रहा हूं। मैं और मेरी पत्नी नारियल पानी बेचते हैं। सरकार जो कर रही है बहुत अच्छा कर रही है। यहां होने वाली प्रत्येक शादी से बीस–पच्चीस रुपए लिए जाते थे। यह पैसा न मस्जिद में जाता था, न मदरसे में और न आश्रम में। तो कहां जाता था? सरकार को पता लगाना चाहिए कि पैसे कहां जा रहे थे।

## ठंड से ठिठुरे लोग घरों में दुबके, देशभर में शीतलहर और घने कोहरे से बढ़ी परेशानी, अलर्ट जारी

नई दिल्ली ,देश के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पहाड़ी इलाकों से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। शीतलहर के साथ–साथ घने कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पश्चिमी, मध्य, पूर्वी और उत्तर–पूर्वी भारत में अगले 5 से 7 दिनों तक सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

**इन राज्यों में शीतलहर का अलर्ट**

भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल,



सिक्किम और छत्तीसगढ़ में शीतलहर चलने की आशंका है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश और पंजाब में बहुत घना कोहरा रहने का अनुमान है। अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय, बिहार, हिमाचल प्रदेश, जम्मू क्षेत्र, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी घना कोहरा छाए रहने की संभावना जताई गई है, जिससे यातायात पर असर पड़ सकता है।

**उत्तर प्रदेश और बिहार में ठंड बरकरार**

उत्तर प्रदेश में अगले 48 घंटों के दौरान तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। हालांकि दिन में धूप निकलने से कुछ राहत मिल रही है, लेकिन सुबह–शाम ठंड और गलन बनी हुई है। बिहार के कई जिलों में 10 जनवरी तक कोल्ड डे जैसी स्थिति बने रहने की आशंका है, जिससे ठंड से फिलहाल राहत के आसार नहीं हैं।

**राजस्थान और मध्य प्रदेश में तापमान लुढ़का**

राजस्थान के जयपुर सहित कई जिलों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। अधिकांश जिलों में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया जा रहा है और शीतलहर का प्रकोप जारी है।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता कबिंद्र पुरकायस्थ का निधन

नई दिल्ली , पूर्वोत्तर में भाजपा के बड़े नेता कबिंद्र पुरकायस्थ का सिलचर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में निधन हो गया। वह 94 साल के थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कबिंद्र पुरकायस्थ के निधन पर शोक व्यक्त किया है। इसके साथ ही असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने भी प्रतिक्रिया दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कबिंद्र पुरकायस्थ के निधन पर कहा कि समाजसेवा और असम की प्रगति में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके निधन से गहरा दुख हुआ है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कबिंद्र पुरकायस्थ के साथ एक फोटो शेयर कर लिखा कि पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री कबिंद्र पुरकायस्थ के निधन से गहरा दुख हुआ है। समाजसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और असम की प्रगति में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने राज्य भर में भाजपा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। वहीं, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कबिंद्र पुरकायस्थ के निधन पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वे एक प्रतिभाशाली विचारक और समर्पित कार्यकर्ता थे।

**पीएम मोदी और नेतन्याहू ने फोन पर की बात**

## भारत-इजरायल संबंधों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली , भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने फोन पर एक–दूसरे से बातचीत की। इस बातचीत के दौरान दोनों नेताओं के बीच रणनीतिक साझेदारी और काउंटर टेररिज्म जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने खुद इसकी जानकारी दी। पीएम मोदी ने इजरायली प्रधानमंत्री और वहां की जनता को नए साल की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय हालात पर भी चर्चा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने इसकी जानकारी देते हुए लिखा, अपने दोस्त, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके और उन्हें व इजरायल के लोगों को नए साल की बधाई देकर खुशी हुई। हमने आने वाले साल में इंडिया–इजरायल रणनीतिक



साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। हमने क्षेत्र के हालात पर भी अपने विचार शेयर किए और आतंकवाद से और मजबूती से लड़ने के अपने इरादे को दोहराया। इससे पहले दोनों देशों के प्रधानमंत्री ने पिछले साल 10 दिसंबर 2025 को एक–दूसरे से फोन पर बात की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### महापुरुषों की प्रतिमाओं की नियमित सफाई की मांग

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति ने शहर में महापुरुषों की प्रतिमाओं की नियमित देखरेख और साफ–सफाई को लेकर आवाज उठाई है। बुधवार को समिति के पदाधिकारियों ने नगर निगम में मेयर सौरभ थपलियाल को ज्ञापन सौंपा और महापुरुषों की मूर्तियों के उचित रखरखाव की मांग की। कहा कि अक्सर शहर में लगी महान विभूतियों की प्रतिमाओं की सफाई केवल उनकी जयंती या पुण्यतिथि के अवसर पर ही की जाती है। बाकी समय इन मूर्तियों की सुध नहीं ली जाती, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। समिति ने मांग की है कि प्रशासन मूर्तियों का नियमित रंग–रोगन और सफाई सुनिश्चित करे, जिससे उनकी शोभा और गरिमा बरकरार रहे। गांधी पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की दो मूर्तियां स्थापित हैं। इनमें से एक मूर्ति को नगर निगम परिसर में स्थानांतरित करने की मांग उठाई। इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियल, प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी, राज्य आंदोलनकारी प्रदीप कुकरेती, विपुल नौटियाल, अरुण खरबंदा, सईद अहमद, दानिश नूर, पारस यादव, गुलाम मुस्तफा, सुशील विरमानी, मनोज सिंहल, नितिन राठौड़, अजय कुमार और इम्तियाज अहमद आदि मौजूद रहे।

### चंपावत की महिलाओं ने हैस्को में सीखे आत्मनिर्भर बनने के गुर

देहरादून। चंपावत जिले की 20 महिलाएं देहरादून के हैस्को केंद्र में ट्रेनिंग ले रही हैं। इसमें महिलाओं को खेती, पशुपालन नए तरीके सिखाए जा रहे हैं। महिलाओं ने यहां प्रकृति पार्क देखा और तय किया कि वे अपने गांव में भी ऐसा ही काम करेंगी। मुख्यमंत्री ने की सीधे बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कॉल के जरिए इन महिलाओं से संवाद किया। कहा कि उत्तराखंड के विकास में महिलाओं का बहुत बड़ा हाथ है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि महिलाओं द्वारा बनाए गए सामान को अब बड़े बाजारों और विदेशों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि चंपावत को एक आदर्श जिला बनाया जा रहा है। ट्रेनिंग में चंपावत की एक 22 साल की युवा ग्राम प्रधान निशा भी शामिल हुईं। उन्होंने बताया कि जंगली जानवरों के डर से अब गांव वाले फसलों को बदलकर बो रहे हैं ताकि नुकसान कम हो। महिलाओं ने यह भी कहा कि गांव में पानी की कमी जैसी दिक्कतें तो हैं, लेकिन इस ट्रेनिंग से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। हैस्को के संस्थापक पद्मभूषण डॉ. अनिल जोशी ने महिलाओं की तारीफ करते हुए कहा कि गांव को बचाने में महिलाओं की भूमिका सबसे बड़ी है। ट्रेनिंग में शामिल बबीता और जानकी देवी ने बताया कि अब वे गांव में ही मशरूम उगाने और नई तकनीकों से काम करने के लिए तैयार हैं। इससे उन्हें रोजगार के लिए शहर नहीं जाना पड़ेगा।

### कार स्कूटर की भिड़ंत में दो लोग घायल

देहरादून । आल्टो कार और एक्टिवा के बीच भिड़त हो गई। हादसे में दो लोगों को चोटें आई है। बुधवार को कोतवाली मसूरी को सूचना मिली कि मसूरी रोड पर ग्लोगी से लगभग 500 मीटर आगे मसूरी की ओर मुख्य मार्ग पर देहरादून से मसूरी आ रही स्कूटी व मसूरी से देहरादून जा रही ऑल्टो कार के बीच भिड़ंत हो गई' सूचना पर चौकी कोलूखेत से पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर पाया गया कि ऑल्टो कार चालक शिवांश पुत्र प्रमोद निवासी न्यू तहसील मुजफ्फरनगर हाल पता सुद्धोवाला प्रेमनगर तथा कार में सवार अन्य व्यक्तियों को किसी प्रकार की कोई चोट नहीं आई। स्कूटी सवार वैशाली निवासी सेलाकुई एवं आदर्श पांडे पुत्र राकेश कुमार, निवासी सेलाकुई को चोटें आईं।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि दोनों वाहनों की गति तेज होने के कारण आपस में टक्कर हो गई।

### निर्दलीय जीते दिनेश केमवाल भाजपा में शामिल

देहरादून। नगर निगम चुनाव में निर्दलीय पार्षद के रुप में जीते वार्ड संख्या 63 लाडपुर के पार्षद दिनेश केमवाल बुधवार को समर्थकों समेत भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ सुधा प्रधान और प्रमोद नौटियाल ने भी भाजपा की सदस्यता ली है। तीनों की भाजपा में वापसी भाजपा के बलबीर रोड प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ और महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल की मौजूदगी में हुई। दिनेश केमवाल ने नगर निगम चुनाव में लाडपुर के भाजपा प्रत्याशी कवीन्द्र सेमवाल को हराया था। इससे पहले वह भाजपा में रहते ही क्षेत्र पंचायत सदस्य रह चुके हैं। नगर निगम चुनाव के समय उन्होंने भाजपा छोड़ दी थी ओर बागी के रूप में नगर निगम चुनाव लड़ा।

# पोखरी में आयोजित बहुद्देशीय शिविर में 23 शिकायतें दर्ज



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को पोखरी में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की ओर से 23 शिकायतें दर्ज करवाई गई। जिनका शिविर के दौरान उपजिलाधिकारी सोहन सिंह रांगड़ ने 21 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। जबकि शेष शिकायतों के लिए अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। शिविर में क्षेत्र के 321 ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए स्टॉल से योजनाओं की जानकारी ली। साथ स्वास्थ्य विभाग, होम्योपैथिक विभाग और आयुर्वेदिक विभाग ने चिकित्सा शिविर आयोजित कर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण का परामर्श के साथ ही निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। इस दौरान राज्य मंत्री रामचंद्र गौड़ ने बाल विकास विभाग की ओर दिए जाने वाले महालक्ष्मी कीट का भी वितरण किया। शिविर में स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### लंबे अर्से के बाद गुनोगी–नैलबागी सड़क निर्माण की राह हुई आसान

नई टिहरी। लंबे अर्से के बाद भूमि विवाद का निपटारा होने से अब गुनोगी–नैलबागी सड़क निर्माण की राह आसान हो गई। सड़क का निर्माण होने से गुनोगी, एरवाणी, कुमाईखेत और नैलबागी के लगभग 200 परिवारों पैदल दूरी तय करने से राहत मिलेगी। 1.87 लाख की लागत से पांच किमी सड़क का निर्माण लोनिवि चंबा फरवरी से शुरू करेगा। चंबा ब्लॉक के गुनोगी, एरवाणी, कुमाईखेत और नैलबागी को सड़क से जोड़ने के लिए बीते अक्तूबर में वित्तीय स्वीकृति मिल गई थी। राज्य योजना के अंतर्गत गुनोगी से नैलबागी तक पांच किमी सड़क का निर्माण किया जाना था लेकिन सड़क निर्माण शुरू होने से पहले भूमि विवाद सड़क की राह में बाधा बन गई थी। सर्वे को लेकर लोनिवि और ग्रामीणों के बीच कई बार विवाद की स्थिति बनी रही। विभागीय अधिकारियों और ग्रामीणों की कई दौर की बैठकों के बाद सड़क का समरेखण बदलने पर सहमति बनी। दोनों पक्षों की सहमति के बाद अब सड़क निर्माण की राह आसान हो गई। लोनिवि चंबा के ईई जगदीश खाती ने बताया कि अथक प्रयासों के बाद अब सड़क को लेकर कोई विवाद नहीं है। कार्य को लेकर जो भी आपत्तियां थी उनका निस्तारण कर लिया गया है। टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर आगामी फरवरी माह से गुनोगी–नैलबागी सड़क का निर्माण शुरू किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने दी स्व. हरबंस कपूर को श्रद्धांजलि



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को हरबंस कपूर मेमोरियल सामुदायिक भवन, गढ़ीकैंट देहरादून में स्व. हरबंस कपूर की 80वीं जयंती के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने स्व. हरबंस कपूर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा स्व. हरबंस कपूर हम सभी के लिए प्रेरणादायक थे और उनकी कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. हरबंस कपूर ने अपने जीवन में सदैव समाज और जनता के हितों को सर्वोपरि रखा। उनका पूरा जीवन जनता और अपने लोगों के लिए समर्पित रहा है। विकास के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने स्व. कपूर के साथ बिताए पलों को साझा करते हुए कहा कि वे सादगी और संवेदनशीलता के प्रतीक थे। उन्होंने प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया और राज्य के विकास से जुड़े हर विषय पर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़े। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने स्व. हरबंस कपूर को नमन करते हुए कहा कि स्व. कपूर जी एक आदर्श जननेता थे, जिन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण जनसेवा को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय कपूर, उनके राजनीतिक गुरु थे और आज वे जिस भी स्थान पर हैं, उसमें कपूर साहब का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि हरबंस कपूर का राज्य के विकास में उनका योगदान सदैव अनुकरणीय रहेगा।

# स्वास्थ्य विभाग को मिले सात और विशेषज्ञ चिकित्सक

देहरादून। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को सात और विशेषज्ञ चिकित्सक मिल गये हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत 'यू कोट, वी पे' मॉडल के तहत चयनित इन विशेषज्ञ चिकित्सकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौखुटिया, डीडीहाट, बीरोंखाल तथा उप जिला चिकित्सालय गैरसैण में तैनाती दी गई है।

विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती से इन अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया होगी साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी भी दूर होगी। प्रदेश सरकार राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार दुरूस्त करने में जुटी है। राजकीय चिकित्सा इकाईयों में आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिये सरकार द्वारा आधुनिक चिकित्सका उपकरणों से लेकर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टॉफ व अन्य सपोर्टिंग स्टॉफ की लगातार तैनाती कर रही है। इसके साथ ही सरकार द्वारा प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को भी चरणबद्ध तरीके से दूर कर रही है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 'यू कोट, वी पे' मॉडल के तहत 7 विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन किया गया है, जिनमें एनेस्थेटिस्ट व पीडियाट्रिशियन के 2–2 जबकि ऑब्स्टेट्रीक एंड गायनी के 3 विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल है। विभागीय अनुबंध के तहत चयनित इन विशेषज्ञ चिकित्सकों को विभिन्न जनपदों की चिकित्सा इकाईयों में तैनाती दे दी गई है। जिसमें डॉ. आर. हेमचन्द्रन (एनेस्थेटिस्ट), डॉ. देविका खत्री (ऑब्स्टेट्रीक एंड गायनी) तथा डॉ. अनंत गुप्ता (पीडियाट्रिशियन) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौखुटिया, अल्मोड़ा में तैनाती दी गई है।

### आदिबदरी से दिल्ली के लिए शुरू हो बस सेवा

चमोली। आदिबदरी मंदिर समिति ने शासन–प्रशासन से आदिबदरी तहसील मुख्यालय से दिल्ली तक उत्तराखंड परिवहन निगम की बस सेवा शुरू करने की मांग की है। मंदिर समिति ने कहा कि क्षेत्र के लिए अब तक कोई सीधी बस सेवा नहीं है। उन्होंने इस संबंध में सीएम को ज्ञापन भेजा। मंदिर समिति के अध्यक्ष जगदीश बहुगुणा और महासचिव हिमेंद्र कुंवर ने बताया कि आदिबदरी मंदिर के दर्शन के लिए बारह महीने देश और विदेशों के पर्यटक और तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं लेकिन यहां से दिल्ली, हरिद्वार, ऋषिकेश सहित अन्य इलाकों के लिए कोई बस सेवा नहीं है। ऐसे में केवल ट्रैवल्स कंपनियों के वाहनों एवं निजी वाहनों से ही यात्री यहां पहुंच रहे हैं। यही नहीं तहसील के 50 से अधिक गांवों का आवागमन भी दिल्ली समेत मैदानी एवं अन्य क्षेत्रों के लिए होता है ।

# उत्तराखंड के आईटीआई संस्थानों में इलेक्ट्रिक वाहन प्रशिक्षण की शुरुआत

देहरादून। कौशल विकास एवं सेवायोजन, पशुपालन, दुग्ध विकास, मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग तथा प्रोटोकॉल मंत्री सौरभ बहुगुणा की गरिमामयी उपस्थिति में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, निरंजनपुर (देहरादून) से राज्य के 13 आईटीआई संस्थानों को इलेक्ट्रिक वाहन एवं टाटा ऐस प्रशिक्षण हेतु रवाना किया गया। इस पहल का उद्देश्य उत्तराखंड के युवाओं को रोजगारपरक बनाना और उन्हें भविष्य की तकनीकों से जोड़ना है। राज्य सरकार ने इंडस्ट्री पार्टनर्स के साथ 17 फरवरी 2025 को हुए समझौते के अंतर्गत युवाओं को अत्याधुनिक तकनीक आधारित प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया था। इसके तहत 08 दीर्घ अवधि पाठ्यक्रम (1 से 2 वर्ष) और 23 लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम (270 से 390 घंटे) संचालित किए जाएंगे। दीर्घ अवधि पाठ्यक्रमों में मैकेनिक इलेक्ट्रिक



वाहन, उन्नत सीएनसी मशीनिंग, औद्योगिक रोबोटिक्स एवं डिजिटल विनिर्माण, बेसिक डिज़ाइनर एवं वर्चुअल वेरिफायर, विनिर्माण प्रक्रिया नियंत्रण एवं स्वचालन, उन्नत उपकरणों का उपयोग करने वाला शिल्पकार, कम्प्यूटर सहायतित विनिर्माण (सीएएम) प्रोग्रामर तथा औद्योगिक इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईआईओटी) तकनीशियन शामिल हैं।

नाबार्ड के सहयोग से प्रत्येक संस्थान में लगभग 10 हजार वर्ग फुट की आधुनिक कार्यशाला का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए 79.0955 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। प्रथम चरण में सात आईटीआई संस्थानों– सितारगंज, हल्द्वानी, काशीपुर, हरिद्वार, पिरानकलियर, देहरादून एवं बड़कोट–में निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। टाटा टेक्नोलॉजी द्वारा उपकरणों की आपूर्ति भी कर दी गई है और इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया जारी है।

प्रशिक्षण संचालन हेतु टाटा टेक्नोलॉजी पहले दो वर्षों तक दो प्रशिक्षक और तीसरे वर्ष एक प्रशिक्षक उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों के साथ–साथ टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के रणधीर सिंह (उत्तर भारत प्रमुख) एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

यह पहल उत्तराखंड के युवाओं को इलेक्ट्रिक वाहन, रोबोटिक्स, स्वचालन और डिजिटल विनिर्माण जैसी भविष्य की तकनीकों में दक्ष बनाकर रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगी।

# निर्माणाधीन ग्रीन बिल्डिंग के निर्माण कार्यों की धीमी गति,मात्र 46 फीसद प्रगति पर डीएम नाराज

देहरादून। जिलाधिकारी सविल बंसल ने स्मार्ट सिटी लिमिटेड परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन ग्रीन बिल्डिंग के निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताई। समीक्षा में खुलासा हुआ है कि मौके पर 175 श्रमिकों के सापेक्ष केवल 125 श्रमिक ही कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने ग्रीन बिल्डिंग का निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा जून 2026 तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बुधवार को जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में हरिद्वार रोड स्थित निर्माणाधीन ग्रीन बिल्डिंग कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताई व परियोजना से जुड़े अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।सीपीडब्लूडी के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि निर्धारित 175 श्रमिकों के सापेक्ष वर्तमान में केवल 125 श्रमिक ही कार्यरत हैं। अधिकारियों ने बताया कि अब तक ग्रीन बिल्डिंग का लगभग 36 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि विगत एक माह में निर्माण कार्यों में मात्र 10 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। जिलाधिकारी ने श्रमिकों की संख्या तत्काल बढ़ाने और डबल शिफ्ट में कार्य कराते हुए निर्माण कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्थिति में जून 2026 की समयसीमा से आगे कार्य नहीं जाना चाहिए और इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों से तत्काल पर्ट चार्ट (प्रोग्राम इवैल्यूएशन एंड रिव्यू टेक्नीक), रिवाइज्ड मटीरियल प्लान एवं लेबर प्लान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्ट चार्ट के अनुरूप रिवाइज्ड मटीरियल और लेबर प्लान के आधार पर डबल शिफ्ट में कार्य सुनिश्चित किया जाए।कहा कि पर्यावरण अनुकूल तकनीकों के उपयोग एवं श्रमिकों की सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की प्रगति की साप्ताहिक रिपोर्ट अनिवार्य रूप से जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी तीरथ पाल सिंह, मुख्य अभियंता सीपीडब्ल्यूडी, स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कृष्णा चमोला, चीफ इंजीनियर देवेंद्र प्रकाश, वित्त नियंत्रक सैफाली रानी सहित कार्यदायी संस्था सीपीडब्लूडी के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बड़कोट में रजत जयंती पार्क का निर्माण कार्य शुरू

उत्तरकाशी। नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत तिलाड़ी रोड पर स्थित डंपिंग जोन क्षेत्र में रजत जयंती पार्क का निर्माण कार्य औपचारिक रूप से शुरू हो गया है। पार्क करीब 84 लाख की लागत से तैयार किया जाएगा। पार्क बनने से पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। नगर पालिका बड़कोट में तिलाड़ी रोड पर डंपिंग जोन क्षेत्र के पास रजत जयंती पार्क निर्मित किया जा रहा है। बनने वाले पार्क का विधिवत शिलान्यास बीती नौ नवंबर को किया गया था। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष विनोद डोभाल ने निर्माणाधीन रजत जयंती पार्क का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह पार्क सिर्फ एक मनोरंजन स्थल नहीं, बल्कि बड़कोट के पर्यटन, सौंदर्य और पहचान को एक नई ऊंचाई देने वाला प्रोजेक्ट है। यहां पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों के लिए गार्डन, कैफेटेरिया, बोटिंग एरिया, आर्टिफिशियल एनिमल ज़ोन, आकर्षक सेल्फी पॉइंट्स और सुंदर वॉकिंग ट्रैक जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यह रजत जयंती पार्क बच्चों, युवाओं, परिवारों और पर्यटकों सभी के लिए एक यादगार अनुभव बनेगा और क्षेत्र के पर्यटन को भी एक नई दिशा देगा।

# वन पंचायतों की समस्याओं को लेकर संगठन ने डीएफओ से की मुलाकात

अल्मोड़ा। वन पंचायत संगठन ताकुला के पदाधिकारियों ने सिविल सोयम वन प्रभाग अल्मोड़ा के प्रभागीय वनाधिकारी पीके धौलाखंडी से मुलाकात कर वन पंचायतों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान संगठन की ओर से छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की गई। वन पंचायत संगठन के संरक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता ईश्वर जोशी ने बताया कि ज्ञापन में वन पंचायतों को अग्नि सुरक्षा के लिए आवश्यक धनराशि और उपकरण उपलब्ध कराने, सीजनल फायर वाचरों की नियुक्ति में वन पंचायतों को विश्वास में लेने, लीसा रॉयल्टी की धनराशि अधिकतम एक वर्ष के भीतर वन पंचायतों के खातों में जमा कराने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है। इसके साथ ही पंचायती वनों से



ठेकेदारों के माध्यम से गुल्ली, झूला सहित अन्य एनटीएफपी सामग्री उठाए जाने की स्थिति में पूर्व की भांति माल निकासी से पहले भुगतान किए जाने और वन पंचायत से निकासी रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही सामग्री की निकासी सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। इसके अलावा बिनसर अभयारण्य से प्रभावित गांवों में जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक से निजात दिलाने तथा बाहर से जानवर पकड़कर बिनसर क्षेत्र में छोड़े जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई।

# सांस्कृतिक झांकियों ने लोक संस्कृति से कराया रूबरू

रुद्रप्रयाग। गुलाबराय मैदान में रुद्रनाथ महोत्सव व शीतकालीन यात्रा उत्सव का बुधवार को भव्य आगाज हुआ। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली पेट्रोल पंप मुख्य बाजार से गुलाबराय मैदान तक निकली। इस दौरान ढोल दमाऊं की धुन पर छात्र–छात्राएं, स्वयं सहायता समूहों की महिला टीमें, पूर्व सैनिक संगठन रुद्रप्रयाग तथा संस्कृत महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक झांकियों से लोगों को लोक संस्कृति से रूबरू कराया। गुलाबराय मैदान में झांकियों के पहुंचने पर 6 ग्रेनेडियर बटालियन आर्मी की बैंड धुन पर मुख्य मैदान में झांकियों की आगवानी की गई। इस दौरान रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत व नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने उत्सव का उद्घाटन किया। विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि रुद्रनाथ महोत्सव को शीतकालीन पर्यटन से जोड़कर आयोजित किया गया है ताकि पर्यटकों को जिले की लोक संस्कृति, धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व से परिचित कराया जा सके। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि आगामी सात दिनों तक यह महोत्सव पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों के लिए उत्साह, संस्कृति और आनंद का केंद्र बना रहेगा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रुद्रप्रयाग संतोष रावत, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, उपजिलाधिकारी रुद्रप्रयाग सोहन सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

पलायन पर केंद्रित झांकी रही मुख्य आकर्षणः बुधवार को शुरू हुए रुद्रनाथ महोत्सव शीतकालीन यात्रा उत्सव में सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कॉलेज बेलनी रुद्रप्रयाग द्वारा गढ़वाल में पलायन क्यों... झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। झांकी में पलायन के मुद्दे, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के साथ वर्तमान में जंगली जानवरों के आतंक आदि कारणों को बखूबी से दर्शाया गया था। विद्यालय के आचार्य शरद सिंह चौधरी ने बताया कि झांकी का मूल उद्देश्य पलायन की समस्या को इंगित कर इनके समाधान की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। ढोल दमाऊं प्रतियोगिता में दिनेश लाल, महिला झांकी में दिव्या ज्योति भाणाधार प्रथम; उत्सव मेले में पहले दिन ढोल दमाऊं प्रतियोगिता व महिला समूह झांकी प्रतियोगिता ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में शामिल पारंपरिक ढोल दमाऊं के वादकों ने धुंयाल, रासो ताल, मंडाण ताल, नागार्जुन ताल आदि धुन बजाईं। प्रतियोगिता में पिपली के दिनेश लाल दामीला के बिंदी लाल व टीम, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय मालतोली की टीम ने प्रतिभाग किया। वहीं ढोल दमाऊं में बच्छणस्यूं के दिनेश लाल प्रथम, दरमोला के बिंदी लाल द्वितीय और राजीव नवोदय के अंशुल की टीम तृतीय स्थान पर रहीं। महिला समूह की झांकी प्रतियोगिता में दिव्या ज्योति भाणाधार प्रथम, शिव शक्ति हीतडांग द्वितीय, आयुष्मान महिला समूह अमसारी की टीम ने तृतीय रही।

### अंकिता भंडारी हत्याकांड की हो सीबीआई, कांग्रेस ने निकाली जनाक्रोश रैली

नई टिहरी। अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच और वीआईपी को कठोर सजा देने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रजाखेत में जनाक्रोश रैली निकाली। उन्होंने कहा कि वीआईपी का नाम सामने आने के बाद भाजपा सरकार को उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करना चाहिए। रजाखेत में एकत्रित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी के नेतृत्व में रजाखेत बाजार में जनाक्रोश रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अंकिता भंडारी के हत्यारों को फांसी देने की मांग। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह की घटना से देवभूमि के लोगों को शर्मसार होना पड़ा है। विधायक नेगी ने कहा कि भाजपा सरकार अंकिता भंडारी हत्याकांड जैसे जघन्य अपराध में शामिल वीआईपी को बचाने के लिए प्रदेश की जनता को कई तरह से भ्रमित करने की कोशिश कर रही है।

# पांच साल में भी नहीं बन पाई 1.5 किमी सड़क

उत्तरकाशी। थत्यूड़–कैंपटी मोटर मार्ग का कार्य अधर में होने से लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2020 से अधर में लटकी सड़क का अवशेष कार्य जल्द पूरा करने की मांग कर रहे हैं लेकिन लोनिवि बीते पांच साल में डेढ़ किमी सड़क नहीं बना पाया है जिससे क्षेत्र के लोगों को मार्ग का कोई लाभ नहीं मिल रहा है।

जौनपुर ब्लॉक में थत्यूड़–कैंपटी मोटर मार्ग का निर्माण कार्य 2019–20 में शुरू किया गया था लेकिन विभाग ने 2022 में थत्यूड़ से मवाणा गांव तक ही सड़क बनाकर छोड़ दी। उसके बाद से कोल्टी से आगे मवाणा तक डेढ़ किमी अवशेष रोड बनाने की मांग करते आ रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इससे थत्यूड़ और कैंपटी क्षेत्र के लोगों को एक–दूसरे क्षेत्र में जाने के लिए वाया मसूरी से 10 किमी अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है। क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य ममता रावत, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख महीपाल सिंह रावत, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य जयपाल सिंह कैरवाण और कृपाल सिंह रावत ने बताया कि थत्यूड़ से कैंपटी कुल 38 किमी सड़क में से कोल्टी और मवाणा के बीच ही डेढ़ किमी हिस्सा बचा है।

# जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार के तहत बहुउद्देशीय शिविर आयोजित

अल्मोड़ा। जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को विकासखंड धौलादेवी की न्याय पंचायत पनुवानौला में गांधी इंटर कॉलेज परिसर में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा, पंचायतीराज, कृषि, उद्यान, विद्युत, पेयजल सहित अनेक विभागों ने लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया। शिविर में 900 से अधिक लोग विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए। कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। इस दौरान अनेक लोगों के आधार कार्ड और ई–श्रम कार्ड बनाए गए। कुछ लाभार्थियों को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट प्रदान की



गई, जबकि समाज कल्याण विभाग के माध्यम से सहायक उपकरण भी वितरित किए गए। शिविर में पहुंचे राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष दिनेश आर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की मंशा के अनुरूप लोगों की समस्याओं का समाधान उनके निकट जाकर किया जाए और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले।

### काम से हटाने की खुन्नस में युवक ने जला दी बेकरी

देहरादून। करनपुर में एक सिरफिरे युवक ने काम से हटाए जाने की खुन्नस में बेकरी में आग लगा दी। घटना रविवार देर रात करीब एक बजे की है। आगजनी में दुकान का फर्नीचर, छह एसी, फ्रिज और कीमती सामान जलकर राख हो गया है। आरोपी ने आग लगाने से पहले कारखाने में मौजूद एक दिव्यांग कर्मचारी के साथ मारपीट भी की। शिकायत पर डालनवाला कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर डालनवाला संतोष कुंवर ने बताया कि ओल्ड डालनवाला निवासी शुभम महेश्वरी करनपुर चौक के पास महेश्वरी बेकर्स के नाम से दुकान और कारखाना है। शुभम ने बताया कि उन्होंने बीते दो जनवरी को भगत सिंह कॉलोनी निवासी अभिषेक कुमार को सफाई के काम पर रखा था।

# सीएससी केंद्रों पर बड़ी कार्रवाई, चार केंद्रों की आईडी होगी निरस्त

उत्तरकाशी। जन सुविधा केंद्र के स्टेट हेड अश्विनी कुमार ने जनपद मुख्यालय के चार सीएससी केंद्रों की आईडी निरस्त करने के लिए उच्च स्तर पर रिपोर्ट भेजी गई है। उनके निरीक्षण के दौरान केंद्रों में कई प्रकार की अनियमितताएं पाई गई। साथ ही अन्य सभी केंद्र के संचालकों को निर्देशित किया गया है कि इनका संचालन आम जनता को लाभ देने के लिए किया जाता है। इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जन सुविधा केंद्र के स्टेट हेड अश्विनी कुमार ने बीते मंगलवार और बुधवार को जनपद मुख्यालय सहित जोशियाड़ा, ज्ञानसू और आसपास के करीब 12 से 13 सीएससी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान चार केंद्रों में बोर्ड सहित रेट लिस्ट और ग्राम स्तरीय उद्यमियों की ओर से अपने कार्यों में अनियमितताएं की गई थी। इस पर इन चारों जन सुविधा केंद्रों की आईडी के निरस्तीकरण के लिए उच्च स्तर पर रिपोर्ट भेजी गई। इसके बाद सभी ग्रामीण स्तर उद्यमि की बैठक ली गई। उसमें उन्हें निर्देशित किया गया कि अपने केंद्र से नागरिकों को सिटीजन सेंट्रिक सर्विसेज अवश्य प्रदान करें। साथ ही केंद्रों में सीएससी बैनर, रेट लिस्ट, रजिस्टर रखें और किसी प्रकार का अतिरिक्त चार्ज न लें। बैठक में बताया कि सभी ग्राम स्तर उद्यमियों को पुलिस वेरिफिकेशन और केवाईसी करवाना आवश्यक है। इसलिए जो इन नियमों का पालन नहीं करेगा। जिला प्रबंधक संदीप उनियाल, प्रोजेक्ट मैनेजर पवन गैरोला और मुकेश आदि मौजूद रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com